प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट उपरान्त वेबिनार को किया संबोधित : कहा– विकसित भारत को साकार करने का आधार बन रहा है तीव्र आर्थिक विकास।
2. प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ कल खेली जायेगी होली : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में भगवान नरसिंह की शोभायात्रा में होंगे शामिल।
3. रंगों के पर्व पर राज्य में सुरक्षा व्यवस्था के किये गये पुख्ता इंतजाम : प्रदेश के पुलिस महानिरीक्षक राजीव कृष्ण ने की सुरक्षित, मर्यादित और सौहार्दपूर्ण होली मनाने की अपील।

और

4. आज देखा गया वर्ष का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण : अयोध्या, काशी और मथुरा समेत अन्य जनपदों में दिनभर बंद रहे मंदिरों के कपाट।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है। बजट उपरांत आयोजित वेबिनार 'आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाना' को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि तीव्र आर्थिक

विकास विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने का आधार बन गया है।

*आज जब भारत अपनी मजबूती इकोनॉमी से पूरे विश्व की उम्मीद बना हुआ है। ग्लोबल सप्लाई चैन रिशेप हो रही है। तब अर्थव्यवस्था की तेज प्रगति विकसित भारत का भी बहुत बड़ा आधार है। हमारी दिशा स्पष्ट है, हमारा संकल्प स्पष्ट है। बिल्ड मोर, प्रोड्यूस मोर, कनेक्ट मोर और एक्सपोर्ट मोर।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं और देश के लिए अपार अवसरो केद्वार खुल गए हैं। श्री मोदी ने कहा कि विश्व विश्वसनीय और लचीले विनिर्माण साझेदारों की तलाश में है। उन्होंने कहा कि भारत के पास इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर है।

*मैन्युफैक्चरिंग लॉजिस्टिक्स हमारे एम.एस.एम.ई. लघु उद्योग कुटीर उद्योग, इतना ही नहीं हमारे छोटे बड़े शहर के अर्थव्यवस्था के पिलर्स के तौर पर दिखने में तो अलग–अलग लगते हैं, लेकिन वे सभी इंटर कनेक्टेड है। जैसे मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, नए अवसर तैयार करती है और इससे निर्यात में बढ़ोत्तरी होती है।*

———————

प्रदेश भर में होली पर्व को लेकर उत्साह और उमंग का माहौल है। कल देर रात प्रदेश के सभी जिलों में विधि विधान के साथ होलिका दहन किया गया। हालांकि चंद्र ग्रहण के कारण ज्यादातर जिलों में होली कल खेली जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होली के अवसर पर कल गोरखपुर में भगवान नरसिंह की शोभायात्रा मं शामिल होंगे। श्री योगी रंगों के पर्व की शुरुआत गोरखनाथ मंदिर

में होलिका दहन की भस्म से तिलक के साथ करेंगे। इस अवसर पर मंदिर में फाग गीत भी गाए जाएंगे। दोपहर बाद मुख्यमंत्री होली मिलन समारोह में भी शामिल होंगे।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेशवासियों को होली के पावन पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी सभी से मिल जुलकर होली मनाने का आह्वान किया। बाइट.....

*होली के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को बहुत–बहुत बधाइयां, शुभकामनाएं देता हूं। होली रंगों का त्यौहार है और सबके जीवन में खुशियां लाएं। ऐसी में ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।*

वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में कल मंगला आरती के दौरान बाबा विश्वनाथ को गुलाल अर्पण कर काशीवासी होली खेलने की अनुमति लेंगे।इसके बाद मंदिर परिसर में अबीर गुलाल और फूलों की होली खेली जाएगी।

———————

मंदिर प्रशासन ने कल होली उत्सव के लिए विशेष तैयारियां की हैं। वहीं भगवान राम की नगरी अयोध्या में श्री रामजन्म भूमि मंदिर में श्री रामलला का अभिषेक और विशेष श्रृंगार किया जाएगा। दोपहर में उन्हें मेवे, मिठाई और गुझिया का भोग अर्पित किया जाएगा। इस दौरान मंदिर के पुजारी रामलला के साथ होली खेलकर इस पावन पर्व को भक्तिभाव के साथ मनाएंगे।

मथुरा में श्रीकृष्णजन्मभूमि, द्वारिकाधीश मंदिर, वृन्दावन के श्री बांके बिहारी मंदिर समेत अन्य प्रमुख मंदिरों में देश विदेश से आए भक्त होली खेलेंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*द्वारकाधीश मंदिर में कल सुबह 10 से 11 बजे ठाकुर जी संग होली खेली जाएगी और शाम को होली के बाद मंदिर के पट बंद होंगे। जिला प्रशासन ने मथुरा–वृंदावन में सौहार्दपूर्वक होली के आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। सुरक्षा के मद्देनज़र पीएसी, विशेष बलों के साथ करीब 1500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। भीड़भाड़ वाले मंदिरों और प्रमुख चौराहों पर ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाएगी जिससे भक्त बिना किसी परेशानी के रंगों के पर्व का भरपूर आनंद ले सकें। मोहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार, मथुरा।*

——————————

होली के पर्व पर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाने रखने के निर्देश दिए हैं। श्री योगी ने लोकल इंटेलिजेंस को और अधिक मजबूत करने और सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने बताया कि त्योहार के मद्देनज़र सतर्कता बरती जा रही है। प्रदेश भर में पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। बाइट.....

*होली एक त्यौहार के साथ ही साथ प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है और उत्सव है। उत्तर प्रदेश पुलिस आपके सुरक्षित और शांतिपूर्ण उत्सव के लिए पूर्ण प्रतिबंध है। प्रदेश भर में पर्याप्त पुलिस व्यवस्था की गाई है जिसे आप अच्छे तरीके से अपने परिवार और प्रियजनों के साथ होली मना सकें। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं किसी की इच्छा*

*के विरुद्ध रंग न लगाएं, यातायात के नियमों का पालन करें और उत्सव के दौरान संयम और जिम्मेदारी के साथ उत्सव मनाएं।*

———————————

आगरा के केन्द्रीय हिंदी संस्थान में लगभग 17 देशों से हिंदी सीखने आये विदेशी छात्र छात्राओं के लिए होली मिलन समारोह का आयोजन का किया गया। समारोह में विदेशी छात्र–छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली खेली। अफ्रीका की छात्रा रमाडा ने कहा कि रंगो का पर्व उन्हें बहुत अच्छा लगा और उन्होंने अपने साथियों के साथ इसका आनंद लिया। बाइट....

*आज होली है तो होली का त्यौहार हमें बहुत अच्छा लगा। पहली बार हमने होली इंडियन के साथ मनाई है क्योंकि यह त्यौहार पहले हमें फिल्मों में देखते हैं तो आज हमें यह मौका मिला है। उनके साथ भी खेला है तो मुझे बहुत अच्छा लगा डांस वगैरह म्यूजिक सब कुछ हो रहा तो माहौल बहुत अच्छा है। हमें बहुत अच्छा लगा।*

होली के अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों में पूरी तरह से प्राकृतिक तत्वों से पारंपरिक ऑर्गेनिक गुलाल तैयार किया जा रहा है। इस अनूठी पहल के तहत ग्रामीण महिलाएं गोशाला पालकों के सहयोग से प्राकृतिक तत्वों के जरिए गुलाल का निर्माण कर रही हैं। इसमें गोबर के कंडों की राख के अलावा गुलाब की पंखुड़ियों, चुकंदर, पालक, जामुन की पत्तियों और नील जैसे तत्वों का उपयोग किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों को महिलाओं के लिए यह कार्य अतिरिक्त आय का सशक्त माध्यम बन गया है।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

आज वर्ष 2026 का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण देखा गया। लखनऊ की इंदिरा गाँधी नक्षत्रशाला परिसर में जनसामान्य के लिए निःशुल्क आकाश दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं चंद्र ग्रहण के दौरान आज प्रदेश के प्रमुख मंदिरों के कपाट बंद रहे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में चंद्र ग्रहण से करीब एक घंटे पहले ही मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए, जो शाम को शुद्धिकरण के बाद खोले गए । रामनगरी अयोध्या में भी चंद्र ग्रहण के प्रभाव के चलते सभी प्रमुख मठ और मंदिरों के पट सुबह लगभग 8 बजे से बंद कर दिए गए। मंदिरों के पट रात करीब 8 बजकर 30 मिनट तक बंद रहेंगे। वहीं, मथुरा में ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के पट शाम सात बजे तक बंद रहे।

——————————

नेपाल में आगामी चुनाव को देखत हुए राज्य से सटी भारत–नेपाल की सीमाएं कल रात 12 बजे से 72 घंटों के लिए सील कर दी गई हैं। नेपाल में 5 मार्च को होने वाले चुनाव से पहले भारत नेपाल की समन्वय समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बीच एसएसबी और पुलिस ने सीमा पर गश्त बढ़ा दी है। इस दौरान सिर्फ आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर किसी भी तरह के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। चुनाव संपन्न होने के बाद सीमा को सामान्य रूप से फिर से खोल दिया जाएगा।

——————————

हाथरस में आज सुबह यमुना एक्सप्रेस–वे पर एक डबल डेकर बस ने आगे चल रही कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। कार सवार सभी लोग दिल्ली से राजस्थान के राजाखेड़ा धौलपुर जा रहे थे। घायलों को खंदौली थाना क्षेत्र के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं एक अन्य हादसे में दिल्ली से कानपुर जा रही एक डबल डेकर बस इटावा मं राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर ग्राम उझियानी के पास अचानक पलट गई। दुर्घटना में करीब 15 यात्री घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

(समाप्त)